02/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने भारत - मध्य-पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे और पश्चिम एशिया में विकास सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने व्यापार, रक्षा, शिपिंग और कनेक्टिविटी सहित द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की।

000000000000000

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाहगे ने आज डी.के. कन्वेंशन सेंटर, ईटानगर में आयोजित ट्रैन्ड नर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया- टीएनएआई, अरुणाचल प्रदेश राज्य इकाई के तीसरे सम्मेलन में भाग लिया जिसका थीम था "Leadership in Nursing: Inspiring Vision, Driving Change”। कर्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने मरिजों को अच्छी देखभाल प्रदान करने में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और उनसे आग्रह किया कि, वे मरीजों की संपुर्ण देखभाल कर उनके साथ कोमलता से पेश आएँ। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को नर्सिंग में उत्कृष्टता पर चर्चा करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए किया गया। टीएनएआई नॉर्थ-ईस्ट रीजन की वाइस प्रेज़िडेन्ट चेरिल सुसान ताडा ने अपने संबोधन स्वयं में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए नर्सों से मरीज़ों के कल्याण और सामाज की बेहतरी को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

राज्य के स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. रिकेन रीना ने भी नर्सों को ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

000000000000000

राज्य में कैंसर के बढ़ते मामलों के कारणों का पता लगाने के लिए एक संयुक्त अध्ययन करने के तहत, डॉ. बी. बोरूआ कैंसर संस्थान- बीबीसीआई, गुवाहाटी और अरुणाचल प्रदेश राज्य कैंसर सोसायटी के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाहगे ने गत शुक्रवार को डॉ. बी बोरूआ कैंसर संस्थान के अपने दौरे के दौरान किया। इस शोध अध्ययन का सभी आधिकारिक औपचारिकताओं और नैतिक मंजूरी पूरी करने के बाद जल्द ही लोअर सुबनसिरी जिले की जीरो में शुरू होने की संभावना है। अपनी यात्रा के दौरान, श्री वाहगे ने कैंसर संस्थान में पूर्वोत्तर के लोगों के लिए एक इमरजेंसी वार्ड का भी उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि बीबीसीआई अरुणाचल प्रदेश के आगामी स्टेट कैंसर संस्थान की स्थापना में तकनीकी साझेदार है, जो दोईमुख के पास मिडपु में बन रहा है।

000000000000000

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने गत शुक्रवार को कहा कि उन्होंने दिवाली के शुभ अवसर पर भारतीय सेना की एक चौकी के दौरे के दौरान तवांग के पास भारत- चीन सीमा पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के सैनिकों से बातचीत की। श्री रिजिजू ने गुरुवार को बुमला में सेना के जवानों के साथ दिवाली भी मनाई।

सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक छोटे वीडियो में, केंद्रीय संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री को एक इंटरप्रीटर के माध्यम से तीन पीएलए सैनिकों से बात करते हुए देखा गया हैम, जिसमें उन्होंने उनसे पूछा कि वे समुद्र तल से 15,000 फीट की ऊंचाई वाले क्षेत्र में तैनात होने के बावजूद कैसे कार्यभार संभाल रहे हैं? जवाब में पीएलए सैनिकों ने कहा कि, उन्हें ऐसे क्षेत्रों में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सरकार द्वारा बनाए गए बुनियादी ढांचे और अन्य विकास कार्यों की भी प्रशंसा की।

000000000000000

वेस्ट कामेंग जिले के अपने पहले दौरे के दौरान राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज 'खेलो इंडिया' परियोजना के तहत बोमडिला में मल्टी-स्पोर्ट स्टेडियम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में श्री गुप्ता ने युवाओं से खेलों में शामिल होने और समाज में नशीली पदार्थों से होने वाली खतरे को रोकने में मदद करने का आग्रह किया। इनडोर स्टेडियम में टेबल टेनिस, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, स्पोर्ट्स जिम और अन्य कई खेलों की सुविधाएं शामिल हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ निवारक उपाय के रूप में खेलों की ओर आकर्षित करना है। मुख्य सचिव ने संवर्द्धन परियोजना के तहत इसके निर्माण की समीक्षा करने के लिए डीसी कार्यालय का भी दौरा किया, साथ ही जनरल अस्पताल की नई इमारत का भी दौरा किया। उन्होंने 'वाइब्रेंट विलेज' पेडुंग में एक नए गोंपा का भी दौरा किया और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले के गोबुक विलेज के संरक्षण प्रयासों पर बनी एक फिल्म को टेलीविजन फॉर द एनवायरनमेंट (टीवीई) ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी फिल्म्स अवार्ड्स, 2024 के लिए चुना गया है। 'गोबुक - हारमनी इन द हाइलैंड्स' नामक फिल्म, जिसे तेजपुर स्थित दो ग्रीन हब्स द्वारा 'एपुम सिरुम' और 'तितली ट्रस्ट' के सहयोग से बनाया गया है। यह फिल्म 'यंग फिल्ममेकर शॉर्ट फिल्म अवार्ड' श्रेणी में शॉर्टलिस्ट होने वाली चार वैश्विक फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के अंतर्गत गोबुक विलेज के जैव विविधता के संरक्षण के लिए कदम उठाने और प्रकृति से जुड़ी आजीविका के माध्यम से संरक्षण को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का दस्तावेजीकरण किया गया है।

000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय (आरजीयू), दोईमुख का 22वां दीक्षांत समारोह आगामी 30 नवंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए विभिन्न डिग्री प्रदान की जाएंगी। बेचलर्स, मास्टर और पीएचडी डिग्री के टॉपर्स को व्यक्तिगत रूप से स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

000000000000000